दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

सत्र (2021-2022)

अभ्यास कार्य पत्र (2)

तिथिः 24.08.2021

कक्षा -छठी

विषय -हिंदी

ई-अनुशिक्षक श्रृंखला के द्वारा पढ़ाए गए पाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

उपविषय: पाठ-5 अक्षरों का महत्व , पाठ-6 पार नज़र के, पाठ-7 साथी हाथ बढ़ाना

बाल राम कथा : पाठ-4 राम का वन जाना

व्याकरण : क्रिया , वर्ण-विचार , औपचारिक पत्र, पठित गद्यांश, पर्यायवाची शब्द (16-30), विलोम शब्द (21-40), अनेकार्थक शब्द (1-10), अनेक शब्दों के लिए एक शब्द (1-25)

प्र. 1 निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उचित उत्तर चुनिए । (अंक-5)

पुराने जमाने के लोग सचमुच ही सोचते थे कि अक्षरों की खोज ईश्वर ने की है । पर आज हम जानते हैं कि अक्षरों की खोज किसी ईश्वर ने नहीं बल्कि स्वयं आदमी ने ही की है । अब तो हम यह भी जानते हैं कि किन अक्षरों की खोज किस देश में किस समय हुई! हमारी यह धरती लगभग पाँच अरब साल पुरानी है । दो -तीन साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव -जंतु नहीं थे । फिर करोड़ों साल तक केवल जानवरों और वनस्पतियों का ही इस धरती पर राज्य रहा । आदमी ने इस धरती पर कोई पाँच लाख साल पहले जन्म लिया ।धीरे-धीरे उसका विकास हुआ। कोई दस हज़ार साल पहले आदमी ने गाँवों को बसाना शुरू किया ।वह पत्थरों के औजारों का इस्तेमाल करता था । फिर उसने ताँबे और काँसे के भी औज़ार बनाए।

क) अक्षरों की खोज किसने की है?

1.मनुष्य

2.ईश्वर

3.वृक्ष

4.पशु

ख) हमारी धरती कितने अरब साल पुरानी है?

1.दो

2.एक

3.पाँच

4.चार

ग) आदमी ने इस धरती पर कब जन्म लिया? ,

1.दो हज़ार साल पहले

2.एक हज़ार साल पहले

3.पाँच लाख साल पहले

4. दो लाख साल पहले

घ) दस हज़ार साल पहले आदमी ने क्या बसाना शुरू किया ?

1.गाँव

2.जंगल

3.बाज़ार

4.शहर

ङ) सबसे पहले आदमी ने किससे बने औज़ारों का इस्तेमाल किया ?

1.पत्थर

2.मिट्टी

3.लोहे

4.चाँदी

प्र. 2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 15-20 शब्दों में लिखिए। (अंक-3)

क. छोटू को सुरंग में जाने की इजाज़त क्यों नहीं थी?

ख. "हम चाहे तो चट्टानों में पैदा कर दे राहें " का आशय स्पष्ट कीजिए ।

ग. कौशल्या क्या चाहती थी ? उन्होंने राम से क्या कहा?

प्र. 3 निम्नलिखित शब्द का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ । (अंक-1)

क. द्योतक

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक-1)

क. कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद होते हैं? नाम लिखें।

प्र. 5 निम्नलिखित प्रश्नों के दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनिए। (अंक-5)

क) ' जिसका कोई अर्थ हो ' के लिए एक शब्द है -

1. सार्थक

2. अनपढ़

3. साकार

4. अनाथ

ख) ‘नौका ' शब्द का उचित पर्यायवाची है-

1.राकेश

2.खग

3.नाव

4.पानी

ग) इनमें से कौन - सा शब्द ‘ अंबर ' शब्द का अर्थ है -

1.गोद

2.धन

3.आकाश

4.सोना

घ) ‘एकता' का उचित विलोम शब्द है-

1.अंत

2.निराशा

3.अस्त

4.अनेकता

ङ) किसी भाषा के वर्णों के व्यवस्थित समूह को क्या कहते हैं?

1.वर्णमाला

2.सर्वनाम

3.संज्ञा

4.वाक्य

प्र.6 अस्वस्थ होने के कारण तीन दिनों के अवकाश हेतु प्रधानाचार्या को प्रार्थना-पत्र लिखिए। **(अंक-5)**

YouTube links -

https://youtu.be/cecED-LLbS4

https://youtu.be/YsfVejxSCNs

⁕ सामान्य निर्देश ⁕

अभ्यास कार्य जमा करने की अंतिम तिथि:28.08.2021

छात्र का नाम, कक्षा, वर्ग एवं तिथि लिखना अनिवार्य है।

अभ्यास कार्य को निर्धारित समय तक जमा करना अनिवार्य है ताकि आपके विषय का मूल्यांकन समय पर किया जा सके।

अभ्यास कार्य करके अपनी विषय अध्यापिका के व्हाट्सएप पर भेजें ।

* श्रीमती वंदना शर्मा (VI-A, B, C, D, E)

  9419268610

* श्रीमती दीपमाला (VI-F, G, H, I, J)

  7889799011

* श्रीमती पूनम शर्मा (VI-K)

  9906047899